# नागरी बुलेटिन

त्रैमासिक ई-समाचार पत्रिका

अंक 09 (जनवरी – मार्च 2024)



देवनागरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय

गुलावठी, बुलंदशहर (उ.प्र.)

(संबद्ध चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ)

www.dnpgcollege.ac.in

**संरक्षक**

प्रोफेसर योगेश कुमार त्यागी (प्राचार्य)

नागरी बुलेटिन एक त्रैमासिक ई-समाचार पत्रिका है जिसे देवनागरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गुलावठी, जनपद बुलंदशहर द्वारा जारी किया जाता है।

© देवनागरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गुलावठी 2024
सर्वाधिकार सुरक्षित।

**Designed and Prepared By**

Bhavnit Singh Batra, Assistant Professor (Economics)

# समाचार

College celebrates ‘Vishwa Hindi Diwas’

10-January-2024

## किसी भी देश की भाषा उस देश की अस्मिता से जुड़ी होती है: प्रो.योगेश कुमार त्यागी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गुलावठी (सैय्यद मजहर)।** डीएन पीजी कालेज में हिंदी विभाग द्वारा विश्व हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. योगेश कुमार त्यागी ने की । अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य ने कहा कि किसी भी देश की भाषा उस देश की अस्मिता से जुड़ी होती है । हमारे लिए गर्व की बात है कि हिंदी हमारी मातृ भाषा के साथ-साथ राष्ट्र भाषा भी है। अपनी विविध विशेषताओं के कारण हिंदी ने



आज विश्वभर में एक नई पहचान प्राप्त की है। हिंदी में लिखे विभिन्न लेख, कहानी, उपन्यास, नाटक, महाकाव्य आदि विश्वभर में प्रशंसनीय पहचान बना रहे हैं ।

मुख्यवक्ता के रूप में हिंदी विभाग के डॉ. हरीश कसाना ने कहा कि भाषा की सहजता,सरलता उसके विकास में सहायक होती है । अनुकूलता इसका पर्याय होती है। जो भाषा अन्य भाषाओं के प्रति अनुकूलन की दृष्टि से जितनी उदार होगी, वह उतनी ही अधिक विकास करेगी। उन्होंने कहा कि हाल ही में न्यूयॉर्क से प्रकाशित विश्व भाषा मानचित्र में हिंदी को सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा माना गया है । चीनी भाषा को दूसरे तथा अंग्रेजी भाषा को तीसरे स्थान पर रखा गया है। हिंदी के प्रचार प्रसार हेतु विश्व भर में 150 से अधिक संस्थाएं कार्यरत हैं । अमेरिका की भाषा नीति में जो 10 भाषाएं जोड़ी गई हैं, हिंदी भी उनमें से एक है ।

कार्यक्रम के विशिष्ट वक्ता पीयूष त्रिपाठी ने कहा कि विश्व भर में 260 से अधिक विश्व विद्यालयों में हिंदी का अध्ययन-अध्यापन हो रहा है । हिंदी भाषी लोग 137 देशों में हैं। भारतीय संस्कृति की अमिट पहचान हिंदी में परिलक्षित होती है।

डॉ अवधेश कुमार सिंह ने सभी को हिंदी दिवस की बधाई देते हुए कहा कि हमें अपनी भाषा का सर्वथा सम्मान करना चाहिए। भाषा से अपना अस्तित्व जुड़ा होता है ।

गणित विभाग के श्री अतुल तोमर ने विज्ञान के क्षेत्र में हिंदी भाषा के अनुप्रयोगों पर प्रकाश डाला तथा कहा कि हिंदी भाषा में भावों की अभिव्यक्ति शब्दों के साथ-साथ हाव भाव से भी सांकेतिक रूप में सहज होती है ।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ संदीप कुमार सिंह ने कहा कि विश्व में हिंदी की स्थापना में अनुवादकों का महत्वपूर्ण योगदान है । आज हिंदी रोजगार के असीमित संसाधन उपलब्ध करा रही है । वेब, सिनेमा, विज्ञापन, समाचार, यूट्यूब आदि के द्वारा हिंदी दिन रात फल-फूल रही है । श्री कृष्ण कुमार ने कहा कि हिंदी एक ऐसा माध्यम है जिसमें सहजता का जुडाव है, भावों की प्रगाढ़ अभिव्यक्ति के लिए निज भाषा ही माध्यम बनती है । विश्व भर में रह रहे भारतीय लोग हिंदी की सहजता को शनैः-शनैः प्रसारित कर रहे हैं ।श्री भवनीत सिंह बत्रा ने कहा कि विदेशों में रह रहे भारतीय हिंदी को विश्व भाषा बनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। श्री नरेश कुमार ने हिंदी प्रसार प्रचार में संलग्न विविध संस्थाओं के योगदान को रेखांकित किया । कार्यक्रम में डॉ विनीता, श्री हरिदत्त शर्मा, श्री नवीन तोमर, श्री शशि कपूर, श्री श्याम प्रकाश, डॉ अमित कुमार कु. आँचल, कु. सनोबिया तथा कई विद्यार्थी उपस्थित रहे।

One Day seminar on “Indian Knowledge System and its Relevance in Chemistry” in Department

08

21 February 2024

# मानव जीवन को उन्नत बनाना ही वैज्ञानिक अनुसंधान एक एवं विकास कार्यों का मूल उद्देश्यः प्राचार्य प्रोफेसर योगेश कुमार त्यागी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गुलावठी। (सैय्यद मजहर)।** डी.एन.पीजी कॉलेज के रसायन विज्ञान विभाग में विभागाध्यक्ष डॉक्टर विनीता गर्ग के संयोजन में एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया । जिसका विषय "इंडियन नॉलेज सिस्टम एंड इट्स रेलीवेंस इन केमिस्ट्री" रहा।

इस संगोष्ठी में एम. एम.एच.कॉलेज, गाजियाबाद की प्रोफेसर डॉक्ट सीमा कोहली मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थिति रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर योगेश कुमार ने की। मुख्य वक्ता प्रोफेसर सीमा कोहली ने अपने व्याख्यान में कहा कि भारत में रसायन शास्त्र के ज्ञान की प्राचीन परंपरा विद्यमान रही है। रसायन विज्ञान को केंद्रीय विज्ञान या आधारभूत विज्ञान भी कहा जाता है। क्योंकि यह दूसरे विज्ञानों जैसे खगोल विज्ञान, भौतिकी,पदार्थ विज्ञान और भूविज्ञान आदि को जोड़ता है। वर्तमान समय में रसायन शास्त्र विषय का



विस्तार लगभग 30 से अधिक शाखाओं में है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर योगेश कुमार ने कहा कि मानव जीवन को उन्नत बनाना ही वैज्ञानिक अनुसंधान एवं विकास कार्यों का मूल उद्देश्य होता है। विभागाध्यक्ष डॉ विनीता गर्ग ने कहा कि महाविद्यालय में विद्यार्थियों को भली प्रकार से रसायन विज्ञान विषय का ज्ञान प्राप्त हो ,इस दृष्टि से महाविद्यालय के पुस्तकालय में पाठ्यक्रम से सम्बंधित संदर्भ पुस्तकों का समृद्ध संग्रह है ।

रसायन शास्त्र विषय की प्रयोगिता एवं विशिष्टता को ध्यान में रखकर सुसज्जित प्रयोगशाला की व्यवस्था है। प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा में रसायन शास्त्र एक मुख्य विधा के रूप में विद्यमान रहा है। कार्यक्रम में सनोबिया, भूपेंद्र कुमार गोपाल सिंह राणा , प्रज्ञा कंसल ,करन तेवतिया, संदीप कुमार प्रत्यक्ष कुमार ,सूरज, सोनिया, पूजा, मानसी ,गुड्डन पाल ,मुस्कान आदि प्राध्यापक व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।


Webinar on 'International Mother Language Day' organised by Department of Hindi and Department of Economics

21 February 2024

# अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा हिंदी दिवस के अवसर पर किया गया एक वेबीनार का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गुलावठी (सैय्यद मजहर)।** देवनागरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हिंदी एवं अर्थशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्त्वावधान में आयोजित 'अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस' के अवसर पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया। वेबिनार का शुभारंभ करते हुए प्राचार्य प्रोफेसर योगेश कुमार ने कहा कि सभी भाषाएं महत्वपूर्ण होती हैं। प्रत्येक व्यक्ति को अपनी मातृभाषा के साथ-साथ अन्य भाषाओं के प्रति उदार भाव रखना चाहिए। भाषाओं के साथ समाज की संस्कृति जुड़ी होती है, इसलिए भाषा के विलुप्त होने पर उस समाज की संस्कृति भी नष्ट हो जाती है। वेबिनार की मुख्य वक्ता डॉ. प्रतिभा राणा,




एसोसिएट प्रोफेसर, हिंदी, स्वामी श्रद्धानंद महाविद्यालय (दिल्ली विश्वविद्यालय) ने अपने संबोधन में मातृभाषा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि दर्द और तकलीफ में अभिव्यक्ति अपनी मातृभाषा में ही होती है। उचित ध्यान न देने के कारण विश्व की कई भाषाएं लुप्त हो रही हैं। यूनेस्को के अनुसार 197 भाषाएं विलुप्त हो चुकी हैं। 220 भाषाओं की लिपियाँ भी समाप्त हो चुकी हैं। देश के विकसित बनने में हिंदी तथा अन्य भारतीय भाषाओं की क्या स्थिति होगी। सरकार को प्रयास करना चाहिए कि शिक्षण एवं प्रतियोगी परीक्षाओं का माध्यम मातृभाषा हो। इसके लिए शिक्षण सामग्री मातृभाषा में उपलब्ध होनी चाहिए। शिक्षा मातृभाषा में होने पर छात्रों में आत्मीयता व सामाजिकता का विकास होता है।

सह-संयोजक भवनीत सिंह बत्रा ने 'अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस' के विषय में बताया कि यूनेस्को द्वारा बहुभाषावाद को बढ़ावा देने के लिए 1999 से प्रत्येक वर्ष 21 फरवरी को यह दिवस मनाया जाता है। सह संयोजक डॉ. हरीश कुमार कसाना ने कहा कि प्रत्येक भाषा महत्वपूर्ण होती है। भाषा में उस समाज की संस्कृति विद्यमान रहती है। भवनीत सिंह बत्रा ने मुख्य वक्ता का परिचय दिया। उन्होंने मुख्य वक्ता का स्वागत पंजाबी भाषा में किया। आगरा कालेज आगरा के अर्थशास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अनूप सिंह ने वेबिनार का सार प्रस्तुत करते हुए मुख्य वक्ता एवं वेबिनार में उपस्थित प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। वेबिनार का संचालन डॉ. संदीप कुमार सिंह ने किया। वेबिनार में सह-संयोजक डॉ. हरीश कुमार कसाना, अतुल तोमर, डॉ. महेंद्र कुमार, डॉ. पुष्पेंद्र कुमार मिश्रा, पीयूष त्रिपाठी, हरिदत्त शर्मा, नरेश कुमार, नवीन तोमर, कृष्ण कुमार, श्याम प्रकाश, शशि कपूर तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

Inauguration of NSS camp

04 March 2024

# राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम तथा द्वितीय इकाई का सात दिवसीय शिविर का किया गया आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गुलावठी। (सैय्यद मजहर)** डी0 एन0 कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम तथा द्वितीय इकाई का सात दिवसीय शिविर का आयोजन समीपवर्ती गांव अट्टा तथा गांव असावर में किया गया । शिविर के प्रथम दिवस की अध्यक्षता डॉ. महेंद्र कुमार ने की । अध्यक्षता करते हुए डॉ महेंद्र कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना में शामिल स्वयं सेवक संघात्मक एकता एवम् अनुशासन का पाठ पढ़ते हैं । सात दिवसीय शिविर में निश्चित रूप से हमारे छात्र छात्राएं एक नया पाठ सीख कर अपना मार्ग प्रशस्त करेंगे । प्रथम दिवस के मुख्य अतिथि आगरा कॉलेज आगरा के अर्थशास्त्र विषय के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ अनूप कुमार सिंह रहे। डॉ अनूप कुमार सिंह ने अपने उद्बोधन में महाविद्यालय की एन एस एस इकाइयों की भूरि भूरि प्रशंसा की तथा स्वयंसेवकों के अनुशासित व्यवहार की भी प्रशंसा की । विशिष्ट अतिथि के रूप में महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर शशि कपूर तथा श्याम प्रकाश जी उपस्थित रहे । कार्यक्रम अधिकारी डॉ अवधेश कुमार सिंह ने स्वयं सेवकों को एन एस एस इकाई के विभिन्न दायित्वों को विस्तार से बताया । इस कार्यक्रम में समस्त स्वय सेवक उपस्थित रहे।



NSS camp 2nd Day- Shiskha Jagrookta rally

05 March 2024

# गुलावठी समाचार

## शिक्षा जागुरकता रैली निकाली गई

गुलावठी (बुलंदशहर) (जगतपाल सिंह)। डी एन कालेज गुलावटी बुलंदशहर की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम इकाई एवम द्वितीय इकाई के द्वारा सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन सभी चयनित १द्गद्ग स्वयं सेवकों और स्वयं सेविकाओं के द्वारा बेस कैंप बी आर इंटरनेशनल स्कूल गांव अट्टा से आवंटित गांव अट्टा तथा गांव असावर में एक शिक्षा जागुरकता रैली निकाली गई।



जागरूकता रैली की थीम श्एक दिवस शिक्षा के नामश् रही। रैली का शुभारंभ बी आर इंटरनेशनल स्कूल की प्रधानाचार्य श्रीमती अंशु भाटी तथा निदेशक श्री अमित नागर ने शुभकामना प्रेषित कर किया। रैली में स्वयं सेवकों हिमानी, इशिका, सानिया, रचना शर्मा, सलोनी शर्मा, शिवानी, साक्षी शर्मा, अंजली, निधि, ज्योति और सुंदरी आदि ने देश भक्ति से संबंधित हस्तलिखित स्लोगन लिखे चार्ट प्रदर्शित किए तथा लोकजागरण का कार्य किया। स्वयं सेवकों ने शिक्षा जागृति संबंधी नारे यथा – डी एन पी जी एन एस एस आया है शिक्षा का संदेश लाया है, सभी समस्याओं का हल, शिक्षा देगी बेहतर कल, आधी रोटी खाएंगे स्कूल जरूर जायेंगे, शिक्षा है सबका अधिकार आदि का उद्घोष रैली के समय किया। स्वयं सेवकों के उत्साह से पूरित रैली का दोनों ही गांव के लोगों ने सम्मान एवम् स्वागत किया।

असावर गांव की प्रधान सरिता जी ने सार्वजनिक जीवन में समूह कार्य को सुगमता से पूर्ण करने वाले स्वयं सेवकों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। गांव अट्टा की प्रधान प्रीति नागर ने अपने गांव में स्वयं सेवकों का स्वागत किया तथा रैली का आगे बढ़कर प्रतिनिधित्व किया। एन एस एस कैप तथा स्कार्फ से सज्जित स्वयं सेवकों के जयघोष से गांव का वातावरण राष्ट्र भक्ति से भर गया।

इससे पूर्व स्वयं सेवकों ने रैली में कार्यक्रम अधिकारी डा अवधेश कुमार सिंह तथा डा हरीश कसाना एवं डा पुष्पेंद्र कुमार मिश्र, प्रो नवीन तोमर एवम् समस्त स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

NSS camp enters 3rd day- Theme on 'Environment protection' observed

06 March 2024

# पर्यावरण संरक्षण का बहुत महत्व है : हरीश कसाना




**न्यूज़तंत्र संवाददाता, बुलन्दशहर।** डीएन कॉलेज गुलावठी बुलंदशहर की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम इकाई एवम द्वितीय इकाई के द्वारा सात दिवसीय शिविर के तीसरे दिन सभी चयनित 100 स्वयं सेवकों और स्वयं सेविकाओं के द्वारा बेस कैंप बी आर इंटरनेशनल स्कूल के विद्यालय परिसर में साफ सफाई कर श्रमदान किया । शिविर की आज की थीम पर्यावरण संरक्षण रही । सभी स्वयं सेवकों ने विद्यालय के सामने गुलावटी सैदपुर मार्ग के दोनों तरफ खड़े कबाड़ की साफ सफाई की तथा फैली गंदगी को साफ करने के लिए श्रमदान किया । स्वयं सेवकों की इसप्रकार के समाज सेवा कार्य की विद्यालय के प्रबंधक सतीश नागर जी ने प्रशंसा की तथा स्वयं सेवकों के जीवन में अनुशासन के महत्व को रेखांकित किया । कार्यक्रम अधिकारी हरीश कसाना बताया कि अनुशासन जीवन का उत्तरोत्तर विकास करता है और हमें ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाना चाहिए। जीवन के प्रत्येक पड़ाव में पर्यावरण संरक्षण का बहुत महत्व है । शिविर में आज स्वयं सेवकों एवं सेविकाओं को आशीर्वाद देने तथा मार्ग दर्शन करने के लिए जनपद हापुड़ के उद्योगपति संदीप त्यागी जी तथा हाजी महबूब अली जी का आगमन हुआ । श्री संदीप त्यागी जी ने स्वयं सेवकों को जीवन में कर्तव्य बोध तथा पर्यावरण का महत्व बताया । अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि पर्यावरण की रक्षा करना वर्तमान के साथ साथ भविष्य में भी जीवन को बचाने के लिए आवश्यक है । जीवन में प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए । श्री महबूब अली जी ने बताया कि प्राकृतिक शुद्ध हवा, पानी हमारे जीवन के लिए बहुत आवश्यक हैं । इन प्राकृतिक निशुल्क चीजों की रक्षा एवं संवर्धन हमें अवश्य करना चाहिए।

Fourth day of NSS Camp: Theme- 'Sadak Surkasha Jeevan Rakshak'

07 March 2024

# शिविर कार्यक्रम के चौथे दिन सड़क सुरक्षा जीवन रक्षक थीम कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गुलावठी (सैय्यद मजहर)।** डी0 एन0 कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम इकाई एवम द्वितीय इकाई के द्वारा सात दिवसीय शिविर के चौथे दिन बेस कैंप बी आर इंटरनेशनल स्कूल में 'सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा' थीम पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बी आर इंटरनेशनल स्कूल गांव अट्टा के संस्थापक प्रबंधक सतीश चन्द्र नागर ने की। सतीश चन्द्र नागर ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि यातायात के नियम लोगों की सुरक्षा के लिए बनाए गए हैं। इनका उद्देश्य जनता को परेशान करना नहीं है। सरकार के यातायात विभाग द्वारा स्थान स्थान पर यातायात नियमों से संबंधित प्रतीक चिन्हों को लगाया गया है, ये नियम यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए लिखे व लगाए गए हैं। कार चलाते समय सीट बेल्ट लगाना, बाइक चलाते समय हेलमेट




लगाना आदि बहुत ही सरल एवम् आवश्यक नियम हैं। आपका जीवन अनमोल है, इसकी सुरक्षा आपकी जिम्मेदारी है।

मुख्य अतिथि प्रमुख समाज सेवी महिपाल सिंह आर्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में नियमों का पालन करना चाहिए। नियमों के पालन करने वाले चरित्रवान कहलाते हैं। छात्र जीवन में इस प्रकार के नियमों को जानना, समझना एवम पालन करना सीखना चाहिए। युवा भविष्य की पीढ़ी का निर्माण करते हैं, इसलिए युवाओं का कर्तव्य और अधिक महत्वपूर्ण बन जाता है। उन्होंने अपने उद्बोधन में छात्राओं के चरित्र निर्माण पर विशेष बल दिया। उन्होंने महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाइयों के स्वयं सेवकों के अनुशासन एवं कर्तव्यबोध तथा समूह में कार्य करने की विलक्षण कार्य शैली की प्रशंसा की तथा उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

Fifth day of NSS camp dedicated to senior citizens

08 March 2024

# बुजुर्ग अनुभव के सरोवर होते हैं : प्राचार्य प्रोफेसर योगेश त्यागी

**न्यूज़तंत्र संवाददाता, बुलंदशहर, गुलावठी**




शनिवार को डीएनपीजी कॉलेज गुलावटी बुलंदशहर की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम इकाई एवम द्वितीय इकाई के द्वारा सात दिवसीय शिविर के पांचवे दिन बेस कैंप बी आर इंटरनेशनल स्कूल में एक वर्ष बुजुर्गों के नाम' थीम पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो योगेश त्यागी ने आशीर्वचन के रूप में स्वयंसेवकों को युवा अवस्था एवम् बुजुर्ग अवस्था के अंतर तथा अलग अलग कार्य क्षेत्रों को विस्तार से बताया। बताया कि युवा जोश से भरे होते हैं उन्हें सही गलत का उचित ज्ञान नही होता है उनकी तुलना में बड़े बुजुर्ग अनुभव से सराबोर होते हैं। उनके पास ज्ञान और विवेक का असीम भंडार है। कार्यक्रम की अध्यक्षता निकटवर्ती गांव अट्टा के सेवानिवृत वरिष्ठ अध्यापक राजकुमार नागर ने की। अध्यक्षता करते हुए राजकुमार नागर ने कहा कि बुजुर्ग अनुभव का सागर होते हैं। दादा दादी अपने परिवार में वट वृक्ष के समान सभी को आशीष की अनंत छाया प्रदान करते हैं। वट वृक्ष की तरह बुजुर्गों की जड़े तथा छाया विस्तृत होती हैं। उन्होंने अपने उद्बोधन में स्वयं सेवकों के द्वारा प्रस्तुत लघु नाटिका की बहुत प्रशंसा की। कार्यक्रम में क्षेत्र के अलग अलग गांवों से बुजुर्ग लोग उपस्थित हुए। गांव सिरोधन से आस मोहम्मद, रिधावली से चंद्रपाल सिंह तेवतिया, गांव असवार से हरेंद्र सिंह बिधूड़ी, चौधरी जगवीर सिंह, ऋषिपाल सिंह, रविदत्त शर्मा, गांव अट्टा से बी आर इंटरनेशनल स्कूल के संस्थापक सतीश नागर, धर्मेंद्र नागर, हरीश नागर, बी आर स्कूल के प्रबंधक अमित नागर, जयपाल सिंह आदि उपस्थित रहे। बुजुर्गों ने अपने जीवन के विविध अनुभवों से स्वयं सेवकों का मार्ग दर्शन किया। गजेन्द्र नागर ने अपने वक्तव्य में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा एक निस्वार्थ कार्यक्रम योजना है।

## Distribution of smartphones to students in college

09 March 2024

**दिये स्मार्टफोन** स्मार्ट फोन पाकर खिले विद्यार्थियों के चेहरे, कॉलेज में पहला फोन एम0ए0 की छात्रा कु0 इरम नाज ने पाया

# स्मार्टफोन का सही उपयोग करें विद्यार्थी: विधायक





बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी। (सैय्यद मजहर)** नगर के डीएनपीजी कॉलेज में बतौर मुख्य अतिथि विधायक लक्ष्मीराज सिंह ने छात्र-छात्राओं में स्मार्टफोन का वितरण किया। विधायक लक्ष्मीराज सिंह ने विद्यार्थियों से स्मार्टफोन का सही उपयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में स्मार्टफोन की सबसे अधिक जरूरत है। स्मार्टफोन के बिना कोई भी काम नहीं हो रहे, इसलिए छात्रों को स्मार्टफोन की आवश्यकता है। सरकार ने भी छात्राओं के हितों को देखते हुए उन्हें निःशुल्क स्मार्टफोन वितरण किए हैं।। प्रधानाचार्य योगेश कुमार त्यागी ने भी फोन की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा की सभी छात्र-छात्राएं सरकार द्वारा दिए गए इस फोन का सही इस्तेमाल करें इसके उपयोग से फायदे और नुकसान दोनों ही मुमकिन है ! इस कार्यक्रम का संचालन पीयूष त्रिपाठी और मंच संचालन पुष्पेंद्र मिश्रा ने किया! इस कार्यक्रम मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक लक्ष्मीराज सिंह,विशिष्ट अतिथि मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह तेवतिया, डी एन इंटर कॉलेज के प्रबंधक सुनील गोयल,प्रोफेसर प्रधानाचार्य योगेश कुमार त्यागी, संजय बी.लाल, सभासद विपिन तेवतिया, संजीव गोयल, गगन प्रजापति, उपाध्यक्ष अनुराग तोमर, गौरव तेवतिया, अरुण कुमार, हिमांशु गोयल, संगीत तेवतिया, वैभव वर्मा, शरद गर्ग रहे ! कार्यक्रम की अध्यक्षता नरेंद्र बाबा ने की।

## NSS Camp organizes Bapu Mela on the sixth day

09 March 2024

# रैली निकाल सफाई के प्रति किया जागरूक

## स्वच्छता अभियान के तहत शहीद स्मारक के आस-पास साफ सफाई की

**खुर्जा।** अरनिया खुर्द गांव में सतनामी कन्या विद्या पीठ की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर में स्वच्छता अभियान के तहत स्वच्छ भारत रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जय किशोर शर्मा ने बताया कि 50 स्वयंसेविकाओं ने स्वच्छता-अभियान के तहत स्वच्छ-भारत रैली निकालकर ग्रामवासियों को सफाई के प्रति जागरूक किया।

रैली में छात्राओं ने गंदगी को दूर भगाओ, चारों ओर स्वच्छता फैलाओ, हमने मन में ठाना है भारत को स्वच्छ बनाना है, दवाई से नाता तोडो स्वच्छता से नाता जोड़ो जैसे जागरूकता के नारे लगाकर ग्रामवासियों को जागरूक किया। रैली के दौरान गलियों में झाड़ू लगाकर गंदगी साफ की। साथ ही एनएच-91 स्थित यात्री टीन शेड और शहीद सत्यवीर सिंह चौहान के शहीद स्मारक के आस-पास फैली गंदगी को साफ किया। शिविर के द्वितीय सत्र में स्वच्छता अभियान व नारी सशक्तीकरण विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें डा संजीव कुमार रुहेला मुख्य अतिथि के रूप में रहे। शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता अभियान भारत सरकार का महत्वपूर्ण अभियान है।




राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा निकाली गई स्वच्छता रैली में शामिल छात्राएं। संवाद

### स्वयंसेवकों ने श्मशान भूमि पर किया श्रमदान

**गुलावठी।** देवनागरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम व द्वितीय इकाई के तत्वावधान में गांव अट्टा स्थित बीआर इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित सात दिवसीय शिविर के पांचवे दिन शनिवार को स्वयंसेवक व स्वयंसेविकाओं ने एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ.अवधेश कुमार सिंह के निर्देशन में गांव स्थित श्मशान भूमि पर श्रमदान कर साफ सफाई की। शिविर में एक वर्ष बुजुर्गों के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सेवानिवृत अध्यापक राजकुमार नागर ने कहा कि बुजुर्ग अनुभव का सागर होते हैं। वहीं, रविदत्त शर्मा ने कहा कि सभी को अपने बुजर्गों की सेवा करनी चाहिए। इस दौरान डॉ.हरीश कसाना, सतीश नागर, अंशु भाटी, नवीन तोमर, कृष्ण कुमार आदि मौजूद रहे। संवाद

Conclusion of seven-day NSS Camp

10-March 2024

# बहन-बेटियां शक्ति की प्रतीक हैं : अंशु भाटी

न्यूज़तंत्र संवाददाता, बुलंदशहर



डीएनपीजी कॉलेज गुलावठी में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर गांव अट्टा तथा गांव असावर (शिविर मीटिंग प्वाइंट - बी आर इंटरनेशनल स्कूल गांव अट्टा ) के सातवें व तय अंतिम दिन की थीम 'चुप्पी तोड़ो' रही । चुप्पी तोड़ो कार्यक्रम विशेष रूप से बहनों तथा बेटियों को समर्पित कार्यक्रम रहा । इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो योगेश कुमार त्यागी ने की । अध्यक्षता करते हुए अपने अभिभाषण में प्राचार्य ने बेटियों को गुड टच तथा बैड टच के महत्व को बताया तथा यह भी बताया कि किसी भी प्रकार के अनैतिक तथा अनुचित व्यवहार को चुप नही सहन करना है । इस प्रकार के व्यवहार की सूचना घर में अपने माता पिता, भाई, तथा महाविद्यालय में अपने शिक्षक अथवा प्राचार्य को बताना चाहिए । बी आर इंटरनेशनल स्कूल की प्रधानाचार्य अंशु भाटी ने अपने उद्बोधन में कहा कि बहनें तथा बेटियां शक्ति का प्रतीक हैं । जागृति जीवन को सशक्त बनाती है । सदैव सकारात्मक ऊर्जा एवं विचारों से भरे रहना चाहिए । बी आर इंटरनेशनल स्कूल के अध्यापक प्रमोद शर्मा ने स्वयं सेवकों को बताया की निस्वार्थ समाज सेवा जीवन को पवित्र बनाती है । घरेलू हिंसा का प्रतिरोध सामूहिक रूप में करें । अपने वक्तव्य में उन्होंने चारित्रिक सशक्तता की बात कही । उन्होंने कहा बुजुर्गों के साथ समय बिताना चाहिए । अध्यापिका प्रीति ने स्वयं सेवकों को अपने कल को बेहतर करने के लिए प्रेरित किया । समाज में हो रहे लिंग भेद का विरोध करना चाहिए । उन्होंने अपने वक्तव्य में स्वयं सेवकों के सात दिवसीय शिविर के दौरान प्राप्त किए गए विविध अनुभवों को जीवनभर संजो कर रखने की बात कही । स्वयं सेवक वंश यादव ने चुप्पी तोड़ो विषय पर भाषण दिया । स्वयं सेवकों की एक टीम ने नुक्कड़ नाटक के द्वारा बेटियों की स्थिति को प्रकट किया।

PM Modi's speech on India's Techade – Chips for Viksit Bharat livestreamed in college

13 March 2024

# प्रधानमंत्री के यूट्यूब चैनल के माध्यम से इंडियास टेकेड : चिप्स फॉर विकसित भारत कार्यक्रम का किया गया आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**गुलावठी (सैय्यद मजहर)।** डी एन पी जी कॉलेज में आयोजित इस कार्यक्रम के अवसर पर प्रधानमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से देश के युवाओं को संबोधित किया और उन्होंने बताया कि इन परियोजनाओं से सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम मजबूत होगा । ये इकाइयां सेमीकंडक्टर उद्योग में हजारों युवाओं को रोजगार प्रदान करेगी ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रोफेसर योगेश कुमार त्यागी ने की । अध्यक्षता करते हुए अपने अभिभाषण में प्राचार्य ने युवाओं को सेमीकंडक्टर की उपयोगिता पर प्रकाश डाला तथा बच्चों को रोजगारपरक शिक्षा देने की बात कही । कार्यक्रम का संचालन शशि कपूर द्वारा किया गया इन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बारे में बताया तथा इसकी उपयोगिता को बच्चों से साझा किया । नरेश कुमार तथा भवनीत बत्रा ने अपने-अपने अनुभव बच्चों से साझा किया । इस अवसर पर अतुल तोमर महेंद्र कुमार, पीयूष त्रिपाठी , हरिदत्त शर्मा, कृष्ण कुमार, नवीन तोमर , हरीश कसाना, श्याम प्रकाश आदि लोग उपस्थित रहे ।

**https://dnpgcollege.ac.in/newsletter**

## Contact

**Devanagari Post Graduate College**
Gulaothi, Distt. Bulandshahr (U.P.) – 203408

**Phone:** (05732) 229052

**Email:** dnpgcgulaothi@gmail.com

**Google Map Location:** https://goo.gl/maps/JUmeTjymETudMEp77